लखनऊ, मंगलवार
19 फरवरी 2019
नगर संस्करण
मूल्य ₹ 3.00
पृष्ठ 20+4=24

दैनिक जागरण

www.jagran.com
उत्तरप्रदेश, दिल्ली, मध्यप्रदेश, हरियाणा, उत्तराखंड, बिहार, झारखंड, पंजाब, जम्मू कश्मीर, हिमाचल प्रदेश और प. बंगाल से प्रकाशित

अब मात्र ₹ 3.00* में सोमवार से शुक्रवार*



आज बनारस को उपहार देंगे पीएम मोदी 14
महाराष्ट्र में भाजपा 25, शिवसेना 23 सीटों पर लड़ेगी लोकसभा चुनाव 19

सौर ऊर्जा से करें पर्यावरण संरक्षण

जागरण संवाददाता, लखनऊ : तीन किलोवॉट का रूफ टॉप सोलर पॉवर प्लांट की लागत महज 75 हजार रुपये आ रही है। ज्यादातर लोगों के यहां तीन किलोवॉट का ही खर्चा आता है। ऐसे में यदि लोग सौर ऊर्जा को अपनाएं तो पर्यावरण तो संरक्षित होगा ही साथ ही देश के विकास में भी मदद मिलेगी।

आइआइए द्वारा आयोजित राष्ट्रीय सोलर कॉनक्लेव में स्कूल ऑफ मैंनेजमेंट साइंसेज के महानिदेशक डॉ. भरत राज सिंह यह बात कही। उन्होंने कहा कि ग्रीन हाउस गैस से जलवायु परिवर्तन को रोकने के लिए ग्रीन क्लीन एनर्जी का अधिक से अधिक उपयोग किया जाना चाहिए। केंद्र तथा प्रदेश सरकार द्वारा दी जाने वाली 30-30 फीसद की छूट के बाद दो किलो वॉट की लागत 40 हजार रुपये ही आएगी। इसके बाद प्रति किलो वॉट कीमत 35 हजार रुपये आएगी। इस प्रकार तीन किलो वॉट का प्लांट 75 हजार रुपये में लगेगा। 22 करोड़ आबादी वाले प्रदेश में छह करोड़ छोटे-बड़े मकान हैं। प्रत्येक मकान के निर्माण के वक्त उपयोगिता के अनुसार दो किलो वॉट का औसत लिया जाए तो 12 करोड़ किलोवॉट सौर ऊर्जा पैदा हो सकती है।